RNI Title-Code :- RAJBIL27027
www.nagaurdaily.com
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...


वर्षः 1 | अंक 260 | नागौर, 28 अगस्त, 2022 (रविवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## 'खादी उत्सव' में शामिल हुए पीएम मोदी, अटल पुल का किया उद्घाटन

### महिला कारीगरों संग चलाया चरखा

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती नदी पर पैदलयात्रियों के लिए बने अटल पुल का उद्घाटन किया। साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी अहमदाबाद में खादी उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ सीएम भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। इस उत्सव में पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने चरखा चला कर सूत भी काता।




पीएम मोदी ने कहा, साबरमती के ये किनारा आज धन्य हो गया है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7,500 बहनों-बेटियों ने एक साथ चरखे पर सूत कातकर नया इतिहास रच दिया है। ये मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी कुछ पल चरखे पर सूत कातने का मिला।

उन्होंने आगे कहा, मुझे विश्वास है कि यहां मौजूद सभी लोग, इस आयोजन को देख रहे सभी लोग आज यहां खादी उत्सव की ऊर्जा को महसूस कर रहे होंगे। आजादी के अमृत महोत्सव में देश ने आज खादी उत्सव करके अपने स्वतंत्रता सेनानियों को बहुत सुंदर उपहार दिया है। कार्यक्रम का उद्देश्य खादी को लोकप्रिय बनाना, खादी उत्पादों के बारे में जागरूकता पैदा करना और युवाओं में खादी के उपयोग को बढ़ावा देना है। इस मौके पर उत्सव राज्य के विभिन्न जिलों से 7500 महिला खादी कारीगर एक ही समय और एक ही स्थान पर चरखा कताई की। पीलीभीत और हरदोई के नौजवानों ने अग्निवीर भर्ती के लिए लगाई दौड़, 3428 युवक हुए शामिल कार्यक्रम में 1920 के दशक से उपयोग की जाने वाली विभिन्न पीढ़ियों के 22 चरखाओं को प्रदर्शित करते हुए चरखाओं के विकास की एक प्रदर्शनी भी हुई। इसमें यरवदा चरखा जैसे चरखे शामिल हुआ, जो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस्तेमाल किए गए चरखाओं का प्रतीक है। वहीं पांडुरु खादी के उत्पादन का लाइव प्रदर्शन भी किया गया।

## भारत-पाक के बीच महाबुकाबला आज

### पाक के खिलाफ बदला चुकता करने के इरादे से उतरेगा भारत



नई दिल्ली

केएल राहुल पिछले साल टी20 विश्व कप के दौरान मिली हार का बदला चुकता करने के लिये भारत के एशिया कप के शुरूआती मैच में पाकिस्तानी टीम के खिलाफ बतौर बल्लेबाज खुद को चुनौती देने के लिये तैयार हैं। राहुल ने 2022 में कोई भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है और उन्हें बतौर सलामी बल्लेबाज आक्रामक बल्लेबाजी करने की मानसिकता के साथ ही शुरुआत करनी होगी जो हाल के दिनों में टीम आजमा रही है।

उप कप्तान राहुल ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, प्रत्येक टीम विश्व कप जैसे टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत करना चाहती है। दुर्भाग्य से पिछले साल हमारे साथ ऐसा नहीं हुआ। इसलिये एशिया कप में हमारे लिये बदला चुकता करने का बड़ा मौका होगा। हम इस मुकाबले के लिये बेताब हैं।

राहुल सर्जरी और कोविड-19 संक्रमण के कारण खेल से बाहर रहे थे। 30 साल के इस स्टार बल्लेबाज ने जिम्बाब्वे के खिलाफ वापसी की और तीन मैचों की वनडे सीरीज जीत में टीम की अगुआई की। राहुल ने कहा, मैं इस टूर्नामेंट में खेलने से पहले आत्मविश्वास से भरा हूं और मैं अपने कौशल पर ध्यान लगा सकता हूं। यह मायने नहीं रखता कि मैं नेट में कितनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। मैं क्रीज पर खुद को चुनौती देना चाहता हूं और यह टूर्नामेंट मौका प्रदान करेगा।

## आतंकियों पर भारतीय सेना की नकेल! आतंकवादियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर।

जम्मू कश्मीर में आतंकी गतिविधियां तेज करने के लिए इस समय आतंकी हर तरह के प्रयास कर रहे हैं।

पिछले कुछ समय से जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों की टारगेटिंग कीलिंग की जा रही थी। पंडितों ने सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन भी निकला। ऐसे में भारतीय सेना और सुरक्षाबल हर तरह से कश्मीर में आतंकी वारदातों को नाकाम करने का प्रयास कर रही हैं। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकवादियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आतंकियों के इन सहयोगियों को उत्तरी कश्मीर जिले के सोपोर के बोमई इलाके में गिरफ्तार किया गया। सोपोर पुलिस ने ट्वीट किया, ''आतंकियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार।

### छात्रसंग चुनाव : 2022

## राजस्थान यूनिवर्सिटी में निर्मल चौधरी की बड़ी जीत

जयपुर।

राजस्थान यूनिवर्सिटी में निर्मल चौधरी ने अध्यक्ष पद पर बड़ी जीत हासिल की है। राजस्थान यूनिवर्सिटी में 1 बजे के बाद शुरू हुई काउंटिंग में सीधा मुकाबला त्रिकोणीय में बदल गया था। लेकिन निर्मल ने 1350 से ज्यादा वोटों से लीड बना ली थी। जब बंडलों की काउंटिंग की गई तो निर्मल काफी आगे निकल गए। वहीं दूसरे नंबर पर निहारिका जोरवाल रहीं। निर्मल चौधरी ने 4043, निहारिका जोरवाल ने 2578, रितु बराला ने 2010, नरेन्द्र यादव ने 988 वोट हासिल किए। उधर महाराजा में संदीप गुर्जर और कॉमर्स कॉलेज में आदित्य शर्मा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। वहीं राजस्थान यूनिवर्सिटी 5 इयर लॉ में अभय चौधरी अध्यक्ष जीते हैं।

राजस्थान यूनिवर्सिटी में निर्मल चौधरी और निहारिका जोरवाल में जोरदार टक्कर बताई जा रही है। कॉमर्स कॉलेज के अंदर बंडलों की काउंटिंग जारी है। यूनिवर्सिटी क्रक्ह का कहना है कि सारे प्रत्याशियों को उनके इनवेलिड वोट्स दिखा दिए गए हैं। कुछ ही देर में रिजल्ट बता दिया जायेगा। इस बीच यूनिवर्सिटी के सामने गांधी नगर थाने के पास भारी संख्या में निहारिका समर्थक मौजूद हैं। वहीं समर्थकों को रोकने के लिए बैरिकेड और भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

राजस्थान कॉलेज से लक्ष्यराज चुण्डावत अध्यक्ष पद पद चुने गए हैं। वहीं राहुल चौधरी, उपाध्यक्ष, राहुल कुमार मीणा- जनरल सेकेटरी, संयुक्त सचिव पर रोहित चौधरी ने जीत दर्ज की है। इधर महारानी कॉलेज से मानसी अध्यक्ष जीती हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद पर कपिसा, महासचिव पद पर ज्योति राठौड़ और संयुक्त सचिव पद पर शहनाज बानो विजेता घोषित की गई हैं। हरिदेव जोशी पत्रकारिता यूनिवर्सिटी में अध्यक्ष पद पर सोमू आनंद, उपाध्यक्ष पद पर सारा इस्माईल, महासचिव पद पर प्रीती बारहट, संयुक्त सचिव पद पर नेहा शर्मा ने जीत दर्ज की है।



### अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बोले- गड़बड़ी की आशंका

राजस्थान यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव मतगणना में पहली बार मीडिया को दूर रखा गया है। वोटिंग शुरू होने के बाद किसी तरह की अनाउंसमेंट नहीं की जा रही। मतगणना स्थल पर राजस्थान यूनिवर्सिटी के फाइनेंस ऑफिसर की मौजूदगी को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। छात्रसंघ प्रत्याशियों का कहना है कि उनकी मौजूदगी में ही मतपेटियां खुलने से लेकर खाली हों, तभी पारदर्शिता से काउंटिंग मानी जाएगी। एबीवीपी प्रत्याशी नरेन्द्र यादव ने कहा कि पहले इन्होंने बताया ही नहीं कि कितनी मतपेटियां हैं, अब 90 मतपेटियां बताई गई हैं। निर्दलीय प्रत्याशी निर्मल चौधरी ने आरोप लगाया है कि रजिस्ट्रार मैडम काउंटिंग की प्रक्रिया में गड़बड़ी कर रही है।

### जेएलवीयू में रोमांचक मुकाबला

## एसएफआई के अरविंद सिंह छात्र संघ अध्यक्ष निर्वाचित

जोधपुर। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष पद के लिए एसएफआई के अरविंद सिंह व एनएसयूआई के हरेन्द्र चौधरी के बीच में रोमांचक मुकाबले में 905 मत के अंतर से पराजित कर दिया। पहले चार राउंड तक कांटे का मुकाबला देखने को मिला, लेकिन अंतिम राउंड में अरविंद सिंह ने एकतरफा अंदाज में बढ़त हासिल कर अपनी जीत निश्चित कर दी। पहला राउंड अरविंद के नाम रहा तो दूसरे राउंड में हरेन्द्र ने बढ़त हासिल की। तीसरे राउंड में अरविंद ने एक बार फिर बढ़त हासिल कर अंतर को 71 से 98 मत तक पहुंचा दिया। चौथे राउंड में हरेन्द्र 37 मत की बढ़त लेकर अंतर को घटा कर 59 मत तक ले आए। अंतिम राउंड में अरविंद ने निर्णायक बढ़त हासिल कर ली।

पहले राउंड में अरविंद को मिली 319 मत की बढ़त अभी तक हरेन्द्र पाटने में विफल रहा। चार राउंड पूरे होने तक अरविंद सिंह को 3660, हरेन्द्र को 3601, राजवीर सिंह को 513 मत मिले। नोटा के खाते में 33 मत गए है। जबकि 195 मत खारिज हो चुके थे। पहले राउंड की समाप्ति पर अरविंद को 1067, एनएसयूआई के हरेन्द्र को 748 व एबीवीपी के राजवीरसिंह बांता को 117 मत मिले थे। दूसरे राउंड में अरविंद को 780, हरेन्द्र को 1028 व राजवीर सिंह को 134 वोट मिले।

तीसरे राउंड में अरविंद को 926, हरेन्द्र को 899 व राजवीर को 125 मत मिले। चौथे राउंड में अरविंद को 887, हरेन्द्र को 924 व राजवीर को 137 मत मिले।

चुनाव जीतने के बाद विजयी मुद्रा में निधि राजपुरोहित व चिराग सिंह भाटी।

## सोनाली फोगाट हत्याकांड में अब तक 4 गिरफ्तार

### पीए सुधीर, दोस्त सुखविंदर को 10 दिन की पुलिस कस्टडी; बाथरूम से ड्रग्स बरामद



फतेहाबाद।

हरियाणा के हिसार से भाजपा नेता और टिक टॉक स्टार सोनाली फोगाट की मौत के मामले में गोवा पुलिस ने कर्लीज क्लब के मालिक और एक ड्रग पैडलर को गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में सुधीर सांगवान और सुखविंदर समेत 4 की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने कर्लीज क्लब के बाथरूम से ड्रग्स भी बरामद किया है। इस बात की पुष्टि गोवा के आईजी ओमवीर बिश्नोई ने की है। कोर्ट ने सुखविंदर सिंह और सुधीर सांगवान को 10 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा है। इस बीच गोवा कांग्रेस भी पूरे मामले में पुलिस और भाजपा पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस की गोवा इकाई के नेता माइकल लोबो ने आरोप लगाया है कि पुलिस सोनाली फोगाट हत्याकांड को रफा-दफा करने की कोशिश कर रही है ऐसे में इस केस की सीबीआई जांच होनी चाहिए।

### रेप-ब्लैकमेलिंग की जांच के लिए हरियाणा जाएगी गोवा पुलिस

सोनाली फोगाट मर्डर केस की जांच के लिए गोवा पुलिस की एक टीम हरियाणा आएगी। गोवा के ष्ठत्रक्कजसपाल सिंह ने भास्कर संवाददाता को बताया कि सोनाली के परिजन ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि सुधीर सांगवान ने तीन साल पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस दौरान सुधीर ने उसकी एक वीडियो बना ली थी। इस वीडियो के आधार पर ही सुधीर सोनाली को ब्लैकमेल करता था। सोनाली के परिजन ने आरोप लगाया था कि सुधीर ने धमकी दी थी कि अगर सोनाली ने यह बात किसी को बताई तो वह उसका कैरियर खराब कर देगा। इस शिकायत में कितनी सच्चाई है। इसी की जांच करने के लिए गोवा पुलिस हरियाणा जाएगी। पुलिस हिसार में सोनाली के घर भी जा सकती है।

## मनीष सिसोदिया का दावा- 6 साल में बंद किए गए 72 हजार सरकारी स्कूल

नई दिल्ली

आबकारी नीति मामले में घिरे दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को दिल्ली के शिक्षा मॉडल की चर्चा करते हुए विपक्षी दल भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा अनपढ़ों की पार्टी है और देश को अनपढ़ रखना चाहती है। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूल कई निजी स्कूलों से भी बेहतर हैं। वह, एलजी द्वारा दिल्ली के सरकारी स्कूलों में अतिरिक्त क्लासरूम्स के निर्माण की जांच के संबंध में सीवीसी रिपोर्ट पर कार्रवाई में देरी को लेकर मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगे जाने पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा ने अब नई कहानी शुरू की है कि स्कूल बनाने में घोटाला हुआ है। इन्होंने मेरे घर पर सीबीआई रेड कराई, लेकिन यह नहीं बताया कि वहां क्या मिला? दुनिया जानती है कि दिल्ली में शानदार स्कूल हैं।

## एक दिन में मिले 9,520 नए संक्रमित सक्रिय मामलों में आई कमी

नई दिल्ली।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को देश भर में कोरोना मामलों के आंकड़े जारी किए हैं। इसके अनुसार एक दिन में 9,520 नए संक्रमितों की पहचान हुई और 41 पीड़ितों की मौत हो गई । इसके बाद देश में अब तक कुल कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 4,43,98,696 हो गया है। वहीं मरने वालों का कुल आंकड़ा 5,27,597 पहुंच गया। देश भर में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों का आंकड़ा 87,311 है। मंत्रालय से जारी आंकड़ों के अनुसार सक्रिय मामलों के आंकड़े में कमी आई है।

**केरल में चार कोरोना संक्रमितों की गई जान**-24 घंटों के दौरान हुई 41 मौतों में केरल में कोरोना के कारण दम तोड़ने वाले चार संक्रमित भी शामिल हैं। कुल संक्रमण का 0.20 फीसद हिस्सा सक्रिय मामले हैं। वहीं देश में कोरोना से ठीक होने वालों की दर 98.62 फीसद है। 24 घंटों के दौरान 3,396 सक्रिय मामले कमी आई है।

## भाजपा डीडवाना में करवाएगी किसान सम्मेलन

### भाजपा किसान मोर्चा ने अजमेर संभाग में डीडवाना को चुना सम्मेलन के लिए

### भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां कुचामन में पत्रकारों से हुए रूबरू

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** 'भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 4 सितम्बर को नागौर जिले की धरती पर विशाल किसान सम्मेलन आयोजित होगा। भाजपा पार्टी ने अजमेर संभाग के नागौर जिले के डीडवाना में किसान सम्मेलन कराने का निर्णय लिया है।' भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही।




रणवां ने भाजपा कार्यालय कुचामन में पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार ने किसानों को गुमराह करके, कर्जमाफी का वादा करके सरकार बनाई।

**चार साल से किसानों के साथ हो रहा है छलावा :** चार साल बाद भी राजस्थान के किसानों के साथ छलावा किया जा रहा है। भाजपा हर संभाग में किसान सम्मेलन करेगी। इसकी शुरूआत जयपुर संभाग के दूदू विधानसभा क्षेत्र से हो चुकी है। अजमेर संभाग का सम्मेलन नागौर के डीडवाना में किया जाने का निर्णय लिया गया है।

**अन्नदाता को हल्के में आंक रही है सरकार :** अन्नदाता को सरकार हल्के में आंक रही है। किसान वर्तमान में पशुपालन भी बहुआयात में कर रहे हैं। लम्बी बीमारी से प्रदेश में 40 हजार से अधिक गौवंश काल-कवलित हुआ है। सरकार की घोर लापरवाही के कारण मौते हो रही है। गौवंश को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई सरकार करें, इसके लिए भाजपा ने किसान सम्मेलन करने का निर्णय लिया है।

**ये रहे मौजूद :** प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व राज्य मंत्री हरीशचन्द्र कुमावत, पूर्व विधायक विजयसिंह चौधरी, जिला प्रमुख भागीरथराम यादव, ज्ञानाराम रणवां, डॉ. रजनी गावड़िया, राजाराम प्रजापति, मूलचंद बागड़ा सहित कई भाजपाई मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# आजाद की आजादी

इसमें संदेह नहीं कि राजनीति लगातार उतार-चढ़ावों का मैदान है और राजनीतिक दल इसी मुताबिक अपना रुख तय करते रहे हैं। लेकिन यह भी सच है कि वक्त के तकाजे के लिहाज से कोई पार्टी इस मैदान में अपने पांव मजबूत करने वाले कदम नहीं उठाती है तो कोई मामूली चूक भी उसे दायरे से बाहर कर दे सकती है। पिछले कई सालों से कांग्रेस लगातार इसी जद्दोजहद से गुजर रही है। आमतौर पर इसके निष्ठावान नेता अपने स्तर पर पार्टी के संघर्ष में शामिल रहे। कद्दावर नेता गुलाम नबी आजाद ने जिस तरह कांग्रेस छोड़ने की घोषणा की, वह पार्टी के लिए न सिर्फ एक बड़ा झटका है, बल्कि एक ऐसा आईना भी, जिस पर उसे शायद काफी पहले नजर डाल लेनी चाहिए थी। लेकिन कई बार वक्त निकल जाने के बाद उसकी अहमियत समझ में आती है। अब कांग्रेस की ओर से यह जरूर कहा जा रहा है कि गुलाम नबी आजाद ने एक ऐसे नाजुक दौर में पार्टी छोड़ने का फैसला किया, जब न सिर्फ पार्टी, बल्कि देश के लिए संघर्ष करना बड़ी चुनौती है। लेकिन अगर आजाद के सामने कई बड़ी शिकायतों के साथ पार्टी छोड़ने की नौबत आई, तो इसके लिए कौन-सी परिस्थितियां जिम्मेदार हैं! ये वही गुलाम नबी आजाद हैं, जिन्होंने करीब डेढ़ साल पहले यह कहा था कि मैं मरते दम तक कांग्रेस नहीं छोड़ूंगा।

आजाद ने कांग्रेस छोड़ने के क्रम में सोनिया गांधी को जो पत्र लिखा, उसमें उन्होंने 2014 के बाद से चुनावी राजनीति में लगातार पार्टी की कई बड़ी हार और बिगड़ती तस्वीर के अलावा मुख्य रूप से राहुल गांधी के नेतृत्व को निशाना बनाया। उनके मुताबिक, पार्टी रिमोट कंट्रोल से चल रही है और फैसले राहुल गांधी के सुरक्षाकर्मी और निजी सचिव भी ले रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने पार्टी में सलाह-मशविरे की परंपरा को खत्म कर दिया और वरिष्ठ अनुभवी नेताओं को दरकिनार कर दिया गया। हालांकि सोनिया गांधी की उन्होंने तारीफ की। संभव है कि कांग्रेस के भीतर इन आरोपों को एक असंतुष्ट नेता का बयान मान लिया जाए और आगे की लड़ाई को अहम माना जाए। लेकिन आजाद ने अपने पत्र में पार्टी के सामने जो आईना रखा है, वह कांग्रेस के लिए अपने रवैये पर पुनर्विचार की मांग करता है।

गौरतलब है कि गुलाम नबी आजाद कांग्रेस के भीतर बने 'जी-23' के कुछ अहम नेताओं में से एक हैं, जिसे पार्टी की कमजोरियों की ओर ध्यान दिलाने वाले एक समूह के तौर पर जाना जाता है। आजाद ने शिकायत की कि यह जिम्मेदारी निभाने वाले नेताओं को अपमानित किया गया। अगर आजाद के आरोपों में सच्चाई है तो लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ने का दम भरने वाली कांग्रेस को इस पर विचार करना चाहिए कि फिर पार्टी की राजनीति की दिशा क्या है और उसमें नेताओं-कार्यकर्ताओं की हैसियत क्या है! हालांकि माना यही जाता रहा है कि आजाद पार्टी के भीतर अहम सलाह-मशविरे और कोर कमेटी के बैठकों का हिस्सा रहे हैं।

शायद यही वजह है कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनके इस्तीफे को ऐसे समय में पार्टी से धोखा बताया, जब वह मुश्किल में है। जाहिर है, सचमुच एक संघर्ष की हालत से गुजरती कांग्रेस के लिए आजाद का ताजा रुख नया संकट लेकर आया है। अब देखना है कि गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही पार्टी आजाद के सवालों को क्या आत्ममंथन का मौका मानती है या फिर उनकी कमी की भरपाई के लिए आगे का रास्ता देखती है!

# देश के लिए खतरा बनता नशे का धंधा

**देश के विभिन्न हिस्सों में मादक पदार्थों की धरपकड़ में इधर काफी तेजी आई है। हाल में मुंबई की मादक द्रव्य निरोधी इकाई (एंटी नारकोटिक्स सेल) ने गुजरात के भरूच जिले के अंकलेश्वर में नशीले पदार्थ बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के पांच सौ तेरह किलो नशीले पदार्थों की बरामदगी के साथ सात लोगों को पकड़ा था। इसी तीन अगस्त को मुंबई के नालासोपारा से चौदह अरब रुपए की नशीली दवा मेफेड्रान-एमडी पकड़ी गई थी। पता चला था कि ये खेपें उच्च वर्ग के युवाओं के दायरों में बेची जा रही हैं। यही नहीं, मादक पदार्थों के इस गोरखधंधे में लगे लोग कारोबार के लिए सोशल मीडिया और अन्य आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि उनकी आसानी से धरपकड़ न हो सके। उल्लेखनीय यह भी है कि मादक पदार्थों की यह आपूर्ति देश के बाहर के कई ठिकानों से हो रही है। गुजरात में मुंद्रा और पीपीववा जैसे निजी बंदरगाह देश में बाहर से नशीले पदार्थों के कारोबार के प्रवेश द्वार बन गए हैं। वर्ष 2017 से 2020 के दौरान गुजरात में ढाई लाख करोड़ रुपए की नशीली दवाएं पकड़ी जाना इस बात का संकेत है कि एजंसियां इस गोरखधंधे में शामिल लोगों को पकड़ने में नाकाम रही हैं।**

किसी समाज और देश को भीतर से खोखला करना हो तो उसकी युवाशक्ति को नशे के गर्त में धकेलना काफी है। हाल के वर्षों में देश के अलग-अलग हिस्सों में नशीले पदार्थों की बरामदगी, जब्ती और मादक पदार्थों की आपूर्ति के संजाल के खुलासों पर नजर दौड़ाई जाए, तो कह सकते हैं कि नशे की गिरफ्त में जाती हमारी युवा पीढ़ी ऐसे ही संकट से दो-चार है। मामला सिर्फ यह नहीं है कि चौकसी बरते जाने के कारण देश में मादक पदार्थों की भारी-भरकम खेपें पकड़ी जा रही हैं, बल्कि गंभीर पहलू यह भी है कि आखिर इस नेटवर्क में कौन लोग शामिल हैं, ये मादक पदार्थ कहां से आ रहे और कहां जा रहे हैं और इतनी भारी खपत हमारे देश के किन इलाकों व समाज के किन वर्गों के बीच हो रही है। इस समस्या का एक सिरा इससे भी जुड़ता है कि दिखावे की परंपरा, अमीरों जैसी रहन-सहन वाली शैली, परिवारों की टूटन, बेरोजगारी या अकेलेपन आदि ने ही तो कहीं हमारी युवा पीढ़ी को जाने-अनजाने नशे की अंधेरी गलियों में नहीं धकेल दिया है! कैसे ये मादक पदार्थ हमारे यहां पहुंच रहे हैं? शायद इसकी एकमात्र वजह यही है कि इस कारोबार में लगे लोगों को कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण हासिल है और इसलिए पुलिस व केंद्रीय एजंसियां अवैध कारोबार में लगे असली दोषियों को पकड़ने में हिचकिचाती हैं। नशीले पदार्थों की तस्करी में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ना और चिंता पैदा कर रहा है। यह एक किस्म का नार्को आतंकवाद है जिस पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। वर्ष 2019 में अटारी-वाघा सीमा पर पांच सौ किलो से ज्यादा हेरोइन बरामद होने के दो साल बाद पिछले साल दिसंबर में गुजरात तट पर एक पाकिस्तानी नाव से सतहत्तर किलो हेरोइन की जब्ती से ऐसा संकेत मिला था कि सीमा पर सख्ती के चलते आतंकवादियों को हथियार व गोला-बारूद जुटाने में मदद के लिए नशे की खेपों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

इसके सबूत भी मिल चुके हैं कि बड़े पैमाने पर ड्रोनों का इस्तेमाल भारतीय क्षेत्रों में नशे की खेप पहुंचाने के लिए किया जाता रहा है। सितंबर, 2020 में गुजरात के कच्छ इलाके में मुंद्रा बंदरगाह पर करीब तीन हजार किलो हेरोइन की बरामदगी ने देश को चौंका दिया था। इससे यह पता चला था कि नशे की तस्करी के लिए समुद्री मार्गों का भी लगातार इस्तेमाल हो रहा है। भारत को यह खेप अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते भेजी गई थी, जो यह बताता है कि नई पीढ़ी को पथ भ्रष्ट करने के लिए किस तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साजिशें हो रही हैं। असल में नशीले पदार्थों की तस्करी में जिस तरह के तरीके अपनाए जाने लगे हैं, उनके कारण भी इनकी आपूर्ति को रोक पाना मुश्किल होता रहा है। जैसे कच्छ में मुंद्रा बंदरगाह पर तीन हजार किलो हेरोइन ईरानी टेल्कम पाउडर की शक्ल में बरामद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इक्कीस हजार करोड़ रुपए कीमत वाली इस खेप को सबसे बड़ी बरामदगी बताया गया था। वर्ष 2021 में मादक पदार्थों की धरपकड़ के आंकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन बताता है कि पहले पूरे साल जांच एजंसियां नशे की जो खेपें पकड़ती थीं, उसमें कुल मिला कर सालाना बरामदगी ढाई हजार किलो तक रहती थी, लेकिन मुंद्रा पोर्ट पर एक ही बार में तीन हजार किलो हेरोइन का देश



में आना बताता है कि देश में या तो इसकी खपत कई गुना बढ़ गई है या फिर भारत नशीले पदार्थों की आपूर्ति के किसी नेटवर्क का बड़ा केंद्र बन गया है। दोनों ही सूरतों में हालात चिंताजनक हैं।

यदि पकड़ी गई खेप विशुद्ध हेरोइन हुई तो देश में खपत को आधार बनाने से जुड़ा आकलन बताता है कि इसे पचहत्तर लाख युवाओं को नशे की चपेट में लाया जा सकता था। इस तरह तीन हजार किलो हेरोइन एक व्यक्ति द्वारा एक दिन में सेवन की जाने लायक चार सौ साठ मिलीग्राम की न्यूनतम पचहत्तर लाख खुराकों में तब्दील हो सकती है। अगर यह हेरोइन मिलावटी हुई तो भी इससे पंद्रह लाख लोगों के इस्तेमाल लायक खुराकों में बदला जा सकता है। ऐसी धरपकड़ अकेले गुजरात में नहीं हुई हैं, बल्कि महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, तमिलनाडु, राजस्थान और मध्यप्रदेश आदि राज्यों में मादक पदार्थ तस्करी के कई बड़े गिरोहों का का भंडाफोड़ हुआ है। यह भी उल्लेखनीय है कि जांच एजंसियों को इनकी तस्करी के रास्तों का अंदाजा है। वैसे तो सबसे ज्यादा मादक पदार्थ अफगानिस्तान से आते हैं। इसके अलावा नेपाल, पाकिस्तान, म्यांमा और बांग्लादेश के रास्ते से भी नशीले पदार्थ भारत आ रहे हैं। इससे यह अंदाजा सहज लगाया जा सकता है कि देश में युवा बड़ी तेजी से नशे की जद में आ रहे हैं। सरकार, पुलिस प्रशासन और जांच एजंसियां अगर सख्ती करें और चुस्त निगरानी करें तो मादक पदार्थों के अवैध कारोबार को ध्वस्त करना कोई मुश्किल काम है। लेकिन इसमें तकनीकी चुनौतियां भारी पड़ रही हैं। देखा गया है कि कोरोना काल में नशीले पदार्थों का कारोबार इंटरनेट के अवैध स्वरूप डार्कनेट और समुद्री मार्ग के जरिए बढ़ा है। दावा है कि डार्कनेट बाजार में नब्बे प्रतिशत बिक्री कथित तौर पर नशीले पदार्थों से संबंधित है। संभवत: यह एक बड़ी वजह है जिसके कारण देश में हेरोइन की बरामदगी तीन गुना से अधिक हो गई है। तस्कर आधुनिक तकनीकों का सहारा लेकर कानून-व्यवस्था की आंख में धूल झोंकने में कामयाब हो जाते हैं। ऐसे में सरकारी एजंसियों को साइबर मोर्चे पर अंकुश लगाने के लिए उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल करना होगा। हालांकि यह समस्या तब तक नहीं सुलझेगी, जब तक कि समाज इसकी रोकथाम में अपनी सक्रियता नहीं दिखाएगा। नशीले पदार्थों का सेवन असल में एक सामाजिक समस्या भी है।

## आज का राशिफल

### मेष
शारीरिक और मानसिक रुप से शिथिलता का अनुभव होगा। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है। काम की भागदौड़ के कारण परिजनों के प्रति ध्यान नहीं दे पाएंगे। हानिकर विचार, वर्तन और आयोजन से दूर रहें।

### वृषभ
आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे। अभ्यास में विद्यार्थियों की रुचि रहेगी।

### मिथुन
नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। व्यावसायिक क्षेत्र में आपको अधिकारियों का अच्छा प्रतिसाद मिलेगा। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है।

### कर्क
दोस्तों, करीबियों या पड़ोसियों के साथ पुरानी अनबन की घटना में सकारात्मक परिणाम आएगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। हालांकि आर्थिक दृष्टिकोण से सावधानी बरतने का समय है।

### सिंह
आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रुप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दुःख और असंतोष की भावना हो सकती है। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

### कन्या
पारिवारिक वातावरण अनुकूल नहीं रहेगा। परिजनों के साथ गलतफहमी न हो इसका ध्यान रखें। अभ्यास में अभिरुचि होते हुए भी विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त होगा अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें।

### तुला
आज आपमें आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रुप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज आपके अहम को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखे। मित्रों और स्वजनों के साथ वैचारिक स्तर पर मनमुटाव हो सकता है। स्वभाव में उग्रता और क्रोध की भावना रहेगी।

### धनु
आपके लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। आपकी आय में भी वृद्धि होगी। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा।

### मकर
आज आपके सभी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी-व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा। धन लाभ होगा।

### कुंभ
आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी। मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। हानिकर विचारों से दूर रहें। किसी भी काम का आयोजन संभलकर करें।

### मीन
व्यावहारिक और सामाजिक काम से बाहर जाने के कारण आकस्मिक धन खर्च हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। क्रोध से बचकर चलें। नकारात्मक भावनाओं को सकारात्मकता से दूर करने का प्रयास करें।

## प्रदेश समाचार

# मेड़तासिटी के केसर देवी स्कूल में तीन दिवसीय इंटर हाउस वॉलीबॉल टूर्नामेंट सम्पन्न

### केडीएस 1 टीम रही फाइनल मैच में विजेता

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी शहर के जोधपुर रोड पर स्थित केसर देवी स्कूल में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय इंटर हाउस बॉलीवुड टूर्नामेंट के फाइनल मैच का शुक्रवार को आयोजन हुआ। इसमें खिलाड़ियों ने मैदान में जमकर दमखम दिखाया। इस टूर्नामेंट में 6 टीमों ने भाग लिया, जिसमें तीन लीग मैच और दो सेमीफाइनल मैच खेलने के बाद आज केडीएस टीम 1, केडीएस -4 के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिला। फाइनल मैच में दोनों टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस मैच में केडीएस-1 की टीम ने 2 पॉइंट से जीत हासिल की है। इस मौके पर अतिथि के रूप में मौजूद स्कूल निदेशक उषा चौधरी, लखाराम मंडा ने विजेता टीम को पारितोषिक प्रदान कर उनका हौंसला अफजाई की। इस अवसर पर मैच रेफरी की भूमिका विजय सिंह व जय दिवाकर ने निभाई। इस अवसर पर खिलाड़ी को संबोधित करते हुए विद्यालय के व्यवस्थापक रुचि चौधरी ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। इसके साथ ही केसर देवी स्कूल समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन करती रहती है। इस मौके पर प्रिंसिपल प्रियंका बेहरा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अपना भविष्य तलाश सके।

# विश्वकर्मा कॉलोनी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन, निकाली कलश यात्रा



पुखराज ताणाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे के वार्ड नम्बर 13 के विश्वकर्मा कॉलोनी में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आरंभ हुआ। सुबह आठ बजे बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयोजन स्थल पर एकत्रित हुए। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन दिपेश्वर मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। डीजे के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे, युवती व महिलाओं ने हिस्सा लिया।सुबह के समय कलश के साथ महिला पुरुषों ने बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली।कलश यात्रा में सबसे आगे भागवतजी को सर पर उठाये ओमप्रकाश जांगिड , जांगिड परिवार के सभी सदस्य, गद्दी सेवक और समाज के बंधू चल रहे थे। कलश यात्रा में कन्याएं व महिलाएं सिर पर कलश धारण किए हुए मंगलगीत गाते हुए चल रही थीं।

# मयूर पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



### कुरड़ाया सरपंच प्रतिनिधि दीना राम बावरी की टीम ने विद्यार्थियों को 600 औषधि पौधों का किया वितरण

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी शहर के मयूर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुरड़ाया सरपंच प्रतिनिधि दीना राम बावरी की ओर से विद्यालय के विद्यार्थियों व अध्यापकों को 600 औषधि पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर दीनाराम बावरी ने बताया कि उनकी टीम द्वारा लगभग 15 हजार औषधीय पौधों के वितरण का लक्ष्य बनाया गया है, जिसके तहत आज उन्होंने 600 पौधे बच्चों, अध्यापकों, स्कूल स्टाफ व अभिभावकों को बांटे है।

### शुद्ध हवा के लिए लगाने होंगे पौधे

इस मौके पर स्कूल के निर्देशक डॉ. अंकुर जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पेड़ पौधों का महत्व समझाया इसके साथ ही बताया कि पर्यावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है ऐसे में हम सब को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करना होगा ताकि हमें शुद्ध हवा मिले सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य बलदेव राम धोलिया ने औषधि पौधों के महत्व के बारे में जानकारी दी इस मौके पर रविंद्र बावरी नंदलाल चारण मौजूद रहे।

# नवक्रमोन्नत विद्यालय में समारोह का हुआ आयोजन



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** बरनेल ग्राम पंचायत के बीड़ की नाडी स्तिथ नवक्रमोन्नत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय स्टॉफ द्वारा विधायक डॉ. मंजू देवी मेघवाल का स्वागत किया गया। विधायक डॉ. मेघवाल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न विद्यालयों को क्रमोन्नत के साथ अनेक जगहों पर महात्मा गांधी अग्रेजी माध्यम स्कूल खोलकर शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर नवक्रमोन्नत विद्यालय में कक्षाकक्ष निर्माण और विद्यालय तक डामरीकरण सड़क ओर बीड की नाड़ी में उपस्वास्थ्य केंद्र की घोषणा की गई।



# महापुरुषों के लिए मानवता ही सबसे बड़ा धर्म : विधायक गावड़िया

## विधायक रामनिवास गावड़िया ने किया महात्मा ज्योतिबा फूले की मूर्ति का अनावरण





जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** 'महात्मा ज्योतिबा फूले सच्चे अर्थों में समाज सुधारक के साथ महान पुरुष भी थे। लोगों में जागृति लाने के लिए जो भी महापुरुष हुए है उनकी न कोई जाति है और ना ही कोई धर्म। उनके लिए सबसे बड़ा धर्म मानवता है।' परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया ने यह बात कही। मौका था माली समाज द्वारा आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति अनावरण समारोह का।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि सभी समाज को महापुरुषों की बताई गई बातों का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर गिंगोली सरपंच घीसालाल माली, पार्षद लोकेश मालाकार, सरपंच घीसालाल, पार्षद लोकेश मालाकार, पार्षद मुकेश तुंडवाल, ईश्वरचन्द मारोठिया, रामेश्वर लाल, नेमीचंद सैनी, महेश सैनी, श्रीराम सैनी, हजारीमल दगदी, सुगनलाल सैनी, सत्यनारायण मालाकार, दिनेशचंद्र सैनी एडवोकेट, आशीष सैनी, गोपाल सैनी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# गहने धुलाई के नाम पर महिला को दिया चकमा सोने की चैन लेकर फरार हुए दो शातिर

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ के तेली रोड गली नम्बर 34 में दो शातिर बदमाशों ने दिनदहाड़े एक महिला को चकमा देकर उसके गले की सोने की चेन लेकर फरार हो गए। सोने की चेन एक भरी वजनी व करीब 55 हजार रुपये लागत की बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही लाडनूँ पुलिस थाने से हेडकांस्टेबल गजेंद्र सिंह, कांस्टेबल रामधन आदि ने मौके पर पहुंचकर पीड़िता से पूछताछ की है। जानकारी के अनुसार जुबैदा बानो पत्नी मईनुद्दीन छींपा निवासी तेली रोड़ गली नम्बर 34 शनिवार दोपहर करीब दो बजे अपने घर पर सो रही थी।

उसी दौरान बाईक पर सवार होकर आए 2 अज्ञात युवकों ने उसके घर के दरवाजे पर दस्तक दी और गेट खोलने को कहा। महिला को पानी पिलाने का बोलकर चिकनी चुपड़ी बातों में लगाकर उसके गहनों को उजला करने के बहाने घर के अंदर घुस गए।

### पहले पाजेब उजली कर दी फिर गले की चेन लेकर गायब

पीड़िता जुबैदा ने बताया कि शातिर बदमाशों ने पहले उस की पैरों में पहनी हुई पाजेब की जोड़ी लेकर उसको उजला कर के दे दिया। बदमाशों ने महिला को अपने विश्वास में लेकर उसके गले की चैन मांगी फिर एक टिफिन लेकर उसमें लाल रंग के पानी मे सोने की चेन डालकर वापस टिफिन पैक कर महिला को पकड़ा दिया जब उसने टिफिन का ढक्कन खोलकर देखा तो पानी मे सोने की चेन गायब मिली। इतने में चकमा देकर बदमाश भी मौके से गायब गए। घटना के बाद महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्रित हो गए व स्थानीय पुलिस को सूचना दी। अब पुलिस की मदद से गली व मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# जनता के मर्म को नहीं समझ रही सरकार : किलक



## पूर्व सहकारिता मंत्री किलक ने किया गाँवों का दौरा

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** शनिवार को पूर्व सहकारिता मंत्री अजय सिंह किलक ने कस्बे सहित आसपास के गाँवो का दौरा किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने किलक का स्वागत किया। कस्बे में आयोजित निजी कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद वें जयपुर के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर पूर्व मंत्री किलक ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों और योजनाओं का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को मुख्यधारा में लाकर देश को सशक्त बनाना है। केंद्र सरकार सभी को विश्वास में लेकर और समग्र रूप से समाज के कल्याण का प्रयास कर समावेशी विकास पर ध्यान दे रही है। पहले राजस्थान संस्कार, संतोष, शांति और विकास के लिए जाना जाता था लेकिन राज्य सरकार ने राजस्थान के मान–सम्मान पर गहरी चोट पहुंचाई है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार को जनता से कोई लेना–देना नहीं हैं। यह सरकार जनता के मर्म और विषयों को भी नहीं समझती हैं। राजस्थान का विकास करने के लिए यहां डबल इंजन की सरकार चाहिए। पिछले 70 सालों की तुलना में पीएम मोदी ने किसानों के हित में किया ज्यादा काम किया हैं।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर मोतीराम गौरा, भंवरलाल धोजक, डॉ हनुमान जाजुन्दा, एडवोकेट रणजीत डूडी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इब्राहिम मौलाना, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र रामावत, दुर्गासिंह राठौड़, अमीरदीन मुल्तानी, कन्हैयालाल तिवाड़ी, रामवतार शर्मा, शिंभूसिंह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन कर रहा है गौवंश के लिए मरहम-पट्टी की व्यवस्था

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा (नागौर डेली न्यूज)।** लंपी स्किन डिजीज की रोकथाम हेतु दवा व घाव के लिए मरहम पट्टी अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर प्रशांत रंगा द्वारा शनिवार को पशुपालन विभाग ईनाणा के विनीत सिरोही को प्रदान की गई। जिसका उपयोग गांव के ग्रामीणो द्वारा उपयोग की जाएगी जो की नोडल अधिकारी डॉक्टर रामजीत भाटी के नेतृत्व मैं दी गई व आगे चयनित गांवो में भी अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन द्वारा सोडियम हाइपोक्लोराइट फिनाइल का छिड़काव, चिचड़ियो की रोकथाम हेतु छिड़काव हेतु दवाई व मरहम पट्टी के लिए आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध करवाई जाएगी। आज इस कार्यक्रम में विजेंद्र चौहान व गब्बर सिंह भी उपस्थित थे।

# बड़ी खाटू का बालिका विद्यालय उ.मा. में क्रमोन्नत, धूम-धड़ाके से किया विधायक मेघवाल का स्वागत

## 500 बालिकाओं का नामांकन होते ही विधायक ने कॉलेज स्वीकृत करने का दिलाया भरोसा

पुखराज तानाण



**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे के राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय को उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत होने पर विद्यालय परिवार व कस्बे के लोगो ने ढोल–नगाड़ो के साथ जोरदार स्वागत किया गया। राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय को राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत कर विद्यायक ने उद्घाटन किया। विधायक डॉ मंजू देवी मेघवाल ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास करना उनकी पहली जिम्मेदारी है उन्होंने क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आगे भी विकास में कोई कमी नहीं रहेगी उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की अपील की इस मौके पर बालिकाओ को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने की प्रेरणा दी।

**बालिका विधालय में 350 लड़कियां कर रही है अध्ययन :** विद्यालय के संस्था प्रधान सुभाषचंद्र धोजक ने बताया कि इस स्कूल में करीब 350 लड़कियां अध्ययन कर रही हैं, जिनको 10वीं पास करने के बाद लड़कों के स्कूल जाना पड़ता था।

विधायक के प्रयास से अब लड़कियां 12वीं तक इस स्कूल में अध्ययन कर सकेंगी। इस मौके पर विधायक मेघवाल ने कहा कि अगर इस विद्यालय में नामांकन संख्या 500 पार होती है तो बड़ी खाटू में पहला बालिका महाविद्यालय स्वीकृत करवाने का भरोसा दिलाती हूँ। साथ ही खिंयाबास विधालय को उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत, नीमनगर विद्यालय को उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत, हिन्दू बेरा स्कूल को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में क्रमोन्नत, सीएचसी की नई बिल्डिंग सहित कई विधायक द्वारा करवाए गए कार्यो के लिए बड़ी खाटू ग्राम पंचायत के लोगो ने आभार जताया । इस मौके पर भामाशाहो का सम्मान किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान रिद्धकरण लोमरोड़, समाजसेवी छोटूराम रिणवा, पंचायत समिति सदस्य महबूब, भामाशाह रसीद मोहम्मद लीलगर, शिक्षा अधिकारी गजाधर शर्मा, चिकित्सा प्रभारी कैलाश जाखड़ सहित काफी संख्या में कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# आनासागर झील का पानी पहुंचा नागौर जिले की लूनी नदी तक




लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज )।** लाडपुरा में अजमेर जिले में हो रही मूसलाधार बारीश का असर दिखा। नागौर जिले के बोर्डर पर बसे गाँव लाडपुरा की लूनी नदी में गोविनदगढ बांध की चादर चलने के बाद छोटे मोटे एनिकट भरते हुए आखिरकार पानी लूनी नदी में पहुँच गया, जिसे देखने के लिए आस पास की ढाणियो व गाँवों से लोग आ रहे हैं। ग्रामीणों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। नदी से उस तरफ रह रहे किसानों ने अपने सतर पर सीमेंट के बड़े पाईप लगाकर आने जाने के मुख्य मार्ग को जैसीबी से सही किया, जिससे पानी आगे जाये तो रास्ता ना कटे खराब नही हो ओर आवाजावही ना रुके पढने वाले बच्चो व आमजन को परेशानी ना हो। किसानों में खुशी की लहर हैं। विरेन्दर सिंह शेखावत को किसानों ने बताया कि आगामी रायडे की अच्छी पैदावार की उम्मीद लगा रहे हैं ओर पानी की आवक ऐसे रही तो कुओं का भी जल स्तर बढ़ सकता है। इस मोके पर मोती राम बडियासर, छितर राम बडियासर, सरदार सिह रावत, धर्मा राम, जीवणसिंह राठौड़, दुर्गा राम, जालम सिंह, सुरेन्दर, सुरेश, रिछपाल, तिलोक राम फड़ोदा सहित काफी तादाद में ग्रामवासी अपने अपने कयास लगाते नजर आ रहे थे।

# विधायक मिर्धा की अनुशंसा पर 5 करोड़ की लागत से 8 सडकों का होगा निर्माण

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा की अनुशंसा पर विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों को जोड़ने के लिए 8 सडक़ों का जल्दी ही निर्माण किया जाएगा। मिर्धा ने बताया कि डेगाना विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव, कस्बें को शहरों ओर मुख्य सड़कों से जोड़ा जाकर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल का बिछाया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन मे सुविधा मिलेगी। विधायक मिर्धा ने बताया की इन सड़कों का निर्माण कृषि विपणन बोर्ड की ओर से किया जाएगा। कृषि विपणन बोर्ड – जयपुर की ओर से डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा की अनुशंसा पर आठ डेगाना विधानसभा क्षेत्र के गांवों के लिए सम्पर्क सडक़ों की स्वीकृति जारी की गई है। कांग्रेस आईटी सेल प्रभारी दीपक अग्रावत ने बताया कि विधायक की अनुशंसा पर कृषि उपज मंडी समिति मेड़ता सिटी की ओर से कई गांवों को जोडने् वाली 8 सडक़ों की स्वीकृतियां मिल गई है, जिसमें डेगाना विधानसभा क्षेत्र के गांव तेलनिया की ढाणी से बिजादा की ढाणी तक 1. 200 किलोमीटर की संपर्क सडक़ 40. 65 लाख की लागत से निर्मित होगी। इसी प्रकार लांछ की ढाणी से विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों ढाणियों को किसानों के आवागमन के लिए सुगम सुविधायुक्त बनाने के लिए गोरों की ढाणी तक 3 किलोमीटर सडक़ 77. 80 लाख की लागत से बनेगी। ग्राम जसवंताबाद से राजपूतों की ढाणी में 2.900 किलोमीटर सडक़ का निर्माण 77. 80 लाख, ग्राम निंबोला बिस्वा फाटा से मेघवालों की ढाणी सूदवार्ड तक 3 किलोमीटर सडक़ 80. 60 लाख, ग्राम नाला की ढाणी डोडियाना से सांघा की ढाणी टेहला में 2. 800 किलोमीटर 70 लाख की लागत से नेशनल हाईवे 89 से ढाका की ढाणी वाया लोरा की ढाणी 3 किलोमीटर सडक़ 75 लाख से बनाई जायेगी। ग्राम निंबोला बिस्वा से खारचियावास तक 1. 500 किलोमीटर 37. 50 लाख एवं संस्कृत स्कूल थांवला से ईटाडा की ढाणी तक 1 किलोमीटर 25 लाख की लागत से निर्माण होगा। इस प्रकार करीबन 5 करोड की लागत से संपर्क सडक़ों के प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृतिया कृषि विपणन बोर्ड की ओर से जारी की गई है। जिस पर शिघ्र ही सडकों का निर्माण होगा।

# पटवार संघ उपशाखा के चुनाव संपन्न, ओमप्रकाश बने अध्यक्ष



## निर्वाचन अधिकारी मेघाराम कानूनगो सीताराम तंवर ने दिलाई शपथ

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** पटवार संघ उपशाखा जायल के चुनाव शनिवार को सम्पन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी मेघाराम की देखरेख में सर्वसम्मति से पटवार उपशाखा जायल के अध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश मेघवाल को चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष देवाराम चोयल, महामंत्री सतपाल धेडू, संयुक्त महामंत्री लालूराम झुर्रियां, संगठन मंत्री रामप्रकाश डिडेल, कोषाध्यक्ष हुकमाराम बिडियासर को बनाया गया।

इस दौरान मनोज कुमार जाजड़ा, दिनेश लोमरोड, इंदिरा बाजिया, महेंद्र पंवार, कुलदीप सोलंकी, बजरंग चांगल, गोपाल कृष्ण, महिपाल गिल, शोभाराम लोमरोड़, बसु करेशिया आदि पटवारी मौजूद रहे। सर्वसम्मति से चुनाव संम्पन होने पर सभी पटवारियों ने संगठन का आभार जताया।

नवनियुक्त अध्यक्ष ओमप्रकाश मेघवाल ने कहा कि पटवारियों की समस्याओं के समाधान ओर हितों की सुरक्षा के लिये शाखा की कार्यकारिणी हमेशा तत्पर रहकर समस्याओं का समाधान करवाया जायेगा।

# सांईयों की गली में कच्ची सड़क बनी दलदल

## पानी निकासी की नहीं है समुचित व्यवस्था, ग्राम पंचायत प्रशासन नहीं ले रहा है सुध

एजाज़ अहमद उस्मानी



**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड की वार्ड नं 14 सांईयों की गली में बिना बारिश के ही सड़क पर पानी व कीचड़ फैला हुआ है।

चार पांच दिन पहले हुई बारिश का गन्दा पानी जमा होने से मंदिर–मस्जिद जाने वालों के सहित आमजन को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं इस गंदगी के कारण अब गली में दलदल सा बन गया है, जिसके कारण इस गंदगी में मच्छर भी पैदा होने लगे हैं। जिसके कारण स्थलीय कॉलोनी निवासियो में गंभीर बीमारियों का अंदेशा बना हुआ है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से मेड़ता रोड ग्राम पंचायत ने इस समस्या का स्थायी समाधान नही किया है, जिसका खामियाजा हम कॉलोनी वासी भुगत रहे हैं। आसपास के वहां पर उपस्थित लोगों ने बताया कि उक्त समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत में शिकायत भी की गई लेकिन झूठे आश्वासन के सिवाय कुछ नही मिला। सड़क पर फैले कीचड़ व गंदगी के कारण यह पर कई वाहन चालक गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत के चुनाव को 2 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं लेकिन ग्राम पंचायत ने अब तक चुनाव पूर्व किए गए वादों को पूरा नहीं किया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत पूंजी पतियों की कॉलोनी में तो सड़के बनवा रही है लेकिन ऐसी पिछड़ी हुई कॉलोनियों से ग्राम पंचायत को कोई सरोकार नहीं है। स्थानीय निवासियों ने शीघ्र कॉलोनी में सड़क निर्माण की मांग की है तथा सड़क निर्माण नहीं करवाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# मारवाड़ जाट प्रतिभा सम्मान समारोह आज

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा (नागौर डेली न्यूज)।** यहां के संत श्री दुदाराम जी महाराज के देवल में आज रविवार को सुबह 10:30 बजे मारवाड़ जाट समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अकादमिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कुल 30 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान मुख्य वक्ता और अतिथि के रूप में श्री बलदेव राम मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर के प्राचार्य डॉ. शंकरलाल जाखड़ अपने संबोधन से विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करेंगे। विशिष्ट अतिथि रामेश्वर राम छाबा (आरटीएस, तहसीलदार भोपालगढ़) रहेंगे। कार्यक्रम के उपरांत सेवा समिति का पुनर्गठन किया जाएगा।

# पितृ अमावस्या पर गायों को खिलाई आयुर्वेदिक लापसी



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** गायों में दिनों फैल रही लम्पी बीमारी से आम किसान, पशु पालक, गौ भक्त सब परेशान है। पशु चिकित्सा विभाग, गौ शाला संचालक, गौ भक्त व विभिन्न सामाजिक संगठन मिलकर इससे निजात पाने के लिए प्रयास कर रहे। शनिवार को यहां बड़माता गौशाला सेवा समिति तथा युवकों ने टोली ने मिलकर गायों के लिए आयुर्वेदिक लापसी बनाकर खिलाई। युवाओं ने मिलकर 6 क्विंटल लापसी बनाई। इस लापसी में लम्पी में गायों को लम्पी से निजात दिलाने के लिए विभिन्न आयुर्वेदिक पदार्थ मिलाए गये जिससे गायों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढे। युवाओं ने अपने अपनी निजी वाहनों में इस लापसी को डालते हुए गौशाला की गायों के साथ साथ आसपास खुले में चरने वाली गायों को भी यह लापसी खिलाई।

**यह हुए सम्मिलित :** इस टीम में मेहराम, सुरेश, सुरेन्द्र, धर्माराम, रामचरण, मदनलाल रामसिंह, अशोक, रामकुमार, राजेन्द्र, महिपाल, रामस्वरूप, रामलाल, प्रिंस, रामअवतार, कुलदीप जांगीड़, हिराराम, आशीष जेठू, बस्तीराम लामरोड़, चंद्रप्रकाश गोस्वामी, अनिल साद, बस्तीराम प्रजापत ,ओमप्रकाश, कालुराम, राहुल, आईदानराम, गंगाराम, श्यामलाल, दिनेश मेघवाल, श्रवण, रामलाल लोहार, महेन्द्र, राजु, बबलु, तुलसीराम, रामचन्द्र, बुधाराम, प्रेमाराम, कचरू, रामसिंदल, भागीरथ इत्यादि सम्मिलित हुए।

# डीडवाना के बांगड़ कॉलेज में हंगामा

## मत गिरे 3115 निकले 3116

### -एनएसयूआई के मुकेश खीचड़ 742 से जीते
### -भीम सेना, एबीवीपी, एसएफआई धरने पर



अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में छात्र संघ चुनावों की घोषणा के साथ ही भारी हंगामा बरपा गया। घोषणा के करीब 1 घण्टे बाद छात्र संगठन भीम सेना और एबीवीपी के सैंकड़ो छात्र नारेबाजी करते हुए महाविद्यालय परिसर में दाखिल हो गयी। मामला मतगणना में हेराफेरी से जुड़ा है । शनिवार को छात्रसंघ चुनाव की मतगणना हुई, जिसमें एनएसयूआई के मुकेश खीचड़ रिकॉर्ड वोटों से चुनाव जीत गए। खीचड़ को 3116 वोटों में से 1612 मत हासिल हुये, वंही उनकी निकटवर्ती प्रतिद्वन्दी भीम सेना की सकीना बानो की कुल 870 मत प्राप्त हुए। खीचड़ की जीत के मतों का अंतर 742 रहा।

### एक मत से बिगड़ा माहौल

जीत की घोषणा के साथ ही खीचड़ समर्थकों के साथ रवाना हो गए जिसके बाद भीम सेना व एबीवीपी के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए महाविद्यालय पहुंच गए। मामला मात्र एक मत से जुड़ा हुआ है हुआ यूं कि शुक्रवार को महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि 4046 मतों में से कुल 3115 मत गिरे है जबकि आज मत पेटियों से कुल 3116 मत बाहर निकले जिसके बाद भीम सेना, एबीवीपी और एसएफआई के छात्र नेता समर्थकों के साथ नारेबाजी करते हुए महाविद्यालय पहुंचे ।

### दल-बल के साथ पहुंचा प्रशासन

मामला बढ़ते देख उपखण्ड अधिकारी कार्तिकेय मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह, सीओ गोमाराम मय भारी जाब्ता के महाविद्यालय पहुंचे। दूसरी तरफ छात्रों ने कॉलेज प्रशासन से एक मत कहाँ से आया और मतगणना में घपला के आरोप लगाते हुये मुख्य हॉल में ही धरने पर बैठ गए काफी देर की समझाइश के बाद भी मामला यथावत रहा ।

### कमेटी बनाई, प्रशासन से होगी वार्ता

छात्रों की मुख्य मांगे मत पेटियां किस आदेश से ट्रेजरी भिजवाई गयी, ट्रेजरी सहित सम्पूर्ण परिवहन की वीडियो रिकॉर्डिंग, बचे हुए रिक्त मत पत्रों की गिनती जैसी मांगों पर देर तक मंथन चलता रहा जिसके बाद एडवोकेट मोहम्मद अली शेरानी को बुलाया गया और तीनों छात्र संघटन से दो-दो व्यक्तियों की एक कमेटी बनाई गई जो कॉलेज प्रशासन से वार्ता करेगी। खबर लिखे जाने तक वार्ता का कोई हल नहीं निकला।

# सुजला कॉलेज में निर्दलीय पैनल ने मारी बाजी

## अध्यक्ष छगनलाल मेघवाल सहित पूरा पैनल जीता

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** शनिवार को छात्र चुनाव मतगणना के बाद सुजला कॉलेज में अप्रत्याशित परिणाम सामने आए। छगनलाल मेघवाल के निर्दलीय पैनल ने चारों पदों पर बाजी मार ली। छगनलाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी एनएसयूआई के दिनेश नेहरा को 103 वोटों से हराया।

### इस बार थे एनएसयूआई के 2 गुट

इस बार के चुनावों में नामांकन से ठीक पहले एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में तकरार हो गई। एक गुट जहां निर्दलीय को लड़ाने के पक्ष में था तो वहीं दूसरा गुट संगठन का पैनल चाहता था। ऐसे में छगनलाल मेघवाल का पैनल निर्दलीय के रूप में तो दिनेश नेहरा का पैनल एनएसयूआई की टिकट के साथ मैदान में आ डटा। जिसमें निर्दलीय गुट भारी पड़ा। पूर्व छात्रनेता, छात्रसंघ अध्यक्ष और पार्षद हितेश जाखड़ ने विजेता निर्दलीय पैनल उतारा था। नामांकन से ठीक पहले कांग्रेस नेता पुसाराम गोदारा के पुत्र महेंद्र गोदारा से जाखड़ की अनबन के बाद गोदारा और उनके गुट ने एनएसयूआई की टिकट पर पैनल उतार दिया। लेकिन यह पूरा पैनल हार गया। जीत के बाद किंगमेकर रहे हितेश जाखड़ और विजेता अध्यक्ष छगनलाल को छात्रों ने कंधों पर उठा कर जुलूस निकाला। वहीं जीत के बाद हितेश जाखड़ ने कहा कि मतभेद को भुलाकर एनएसयूआई और कांग्रेस पार्टी के साथ रहेंगे।

### यूं रहा सुजला कॉलेज का परिणाम

अध्यक्ष छगनलाल मेघवाल (निर्दलीय) 470 वोट लेकर 103 मतों से अपने प्रतिद्वंद्वी को शिकस्त दी। दिनेश नेहरा (एनएसयूआई) 367 वोट , सुभाष सिंह(एसएफआई) 341 वोट, आशीष सोनी (एबीवीपी) 295 वोट, गौरीशंकर(निर्दलीय) 21 वोट, उपाध्यक्ष पद पर रामचन्द्र प्रजापत(निर्दलीय) 534 वोट, पूनम ज्याणी(एसएफआई) 335 वोट, भावना सुंगत (एबीवीपी) 299 वोट, भागचंद मेघवाल(एनएसयूआई) 279, वंही महासचिव पद पर रहमान खान(निर्दलीय) 472 वोट, डिम्पल मारोठिया(एबीवीपी)- 388 वोट, हरिराम मेघवाल(एनएसयूआई) 282 वोट, सागरमल मेघवाल(एसएफआई) 275, इसी तरह सयुंक्त सचिव के लिए हर्षवर्धन सिंह(निर्दलीय) 486 वोट मिले। मोनिका मेघवाल(एसएफआई)- 326 वोट, आर्यन पारीक(एबीवीपी)- 318 वोट, भवानीशंकर नाई(एनएसयूआई) 290 वोट।



### जुलूस में शामिल हुए सैकड़ों छात्र

एनएसयूआई के 2 गुट होने पर जहां एबीवीपी को फायदा होने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन बड़े भीतरघात के चलते प्रत्याशी आशीष सोनी चार नम्बर पर रहे। वहीं लंबे समय बाद सक्रिय हुई एसएफआई के सुभाष सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे स्थान पर जगह बनाई। जीत के बाद लाडनूं रोड़ स्थित हर्ष होटल से जुलूस निकाला जिसमें सैंकड़ों छात्रों ने भाग लिया। गाड़ियों का लंबा काफिला सुजानगढ़ पहुंचा जहां हितेश जाखड़ और जीते हुए पैनल का लोगों ने स्वागत किया।

# डेगाना में निर्दलीय संजय काला अध्यक्ष निर्वाचित

## एनएसयूआई के वंश शर्मा दूसरे व निर्दलीय अंजू मेघवाल तीसरे स्थान पर रही

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजकीय कॉलेज डेगाना में शनिवार को शांतीपूर्वक मतदान हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद पर निर्दलीय संजय काला ने अपने प्रतिद्विदी एनएसयूआई के वंश शर्मा को 52 मतों से हराया। निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे निर्दलीय संजय काला को 308 वोट मिले, जबकि काला के प्रतिद्विदी रहे एनएसयूआई के प्रत्याशी वंश शर्मा को 256 मत मिले।

इस प्रकार से निर्दलीय संजय काला को 52 मतों के अंतर से छात्र संघ डेगाना का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इसी प्रकार से उपाध्यक्ष पद के लिए काला समर्थित निर्दलीय आरुषि भार्गव ने एनएसयूआई के धन्नाराम को 48 मतों से हरा कर जीत दर्ज कराई। महासचिव पद पर भी निर्दलीय युवराज सिंह ने एनएसयूआई की मनीषा कवंर को मात्र 15 वोटो से हराया। इसी प्रकार से संयुक्त सचिव एनएसयूआई के कृष्णा खण्डेलवाल ने निर्दलीय दीपेन्द्र मेघवाल को 18 मतों से हराकर संयुक्त सचिव पर जीत हासिल करने मे सफलता प्राप्त की।

**तैनात रहा जाप्ता :** निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित कर विजेताओं को पद की शपथ दिलाई तथा कॉलेज के विकास ओर छात्र हित में काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी, पंकज गढवाल, डिप्टी नंदलाल सेनी, तहसीलदार सज्जनराम, सीआई डेगाना नरेन्द्र जाखड, पादू थानाधिकारी सुमन सहित प्रशासन ओर पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

**डीजे की धुनों पर थिरके युवा :** जीत के बाद निर्दलीय संजय काला के समर्थकों ने उनके गांव निम्बडी कला से लवादर, गोनरडा, पुन्दलोता, डेगाना गांव होकर डेगाना शहर में डीजे ओर भारी वाहनों के काफिले के साथ जुलुस निकाला। शहर में जुलुस गौरेडी करणा, चाचा, सदर बाजार, डिप्टी कार्यालय, अस्पताल चोराहा, पंचायत समिति से होकर बिदासर रोड, रेलवे स्टेशन के सामने, बस स्टेन्ड से नागोर रोड होकर तिलानेस रोड स्थित कार्यालय पहुंचें। जंहा पर सभी समर्थकों का आभार प्रकट किया ओर छात्र हित मे काम करने का भरोसा दिया।

# मेड़ता में आयुषी लामरोड़ ने लीला बिशु को 4 वोटों से हराया

## मेड़ता में निर्दलीय प्रत्याशियों का दबदबा



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी के राजकीय पीजी महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव 2022 के चुनाव परिणाम में एक बार फिर से निर्दलीय प्रत्याशियों का दबदबा देखने को मिला है। पीजी महाविद्यालय में निर्दलीय प्रत्याशी आयुषी लामरोड ने 338 वोट प्राप्त कर सिर्फ 4 वोटों से निकटतम प्रत्याशी लीला बिशु को हराते हुए जीत दर्ज की है। इस बार के चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद के लिए 5 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे ऐसे में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। आयुषी लामरोड की जीत के सूचना मिलने के साथ ही उनके समर्थक झूम उठे। इसके साथ ही शहर में ऐतिहासिक विजय जुलूस निकला। काफिले में 50 से ज्यादा गाड़ियां शामिल रहीं।

इस दौरान भारी संख्या में आयुषि के समर्थक गुलाल उछालते हुए डीजे पर थिरक रहे थे। इसके साथ ही पूजा देवी 171 वोटों से जीत हासिल कर उपाध्यक्ष बन गई। पूजा को 513 वोट और निकटतम प्रत्याशी अशोक को 342 वोट मिले। इसी तरह नामांकन के दिन सिर्फ एक प्रत्याशी के ही महासचिव पद का आवेदन करने पर अकरम निर्विरोध महासचिव बन गए। सुशील 60 वोटों से जीत कर संयुक्त सचिव बन गए।

# परबतसर में पूरा निर्दलीय पैनल विजयी

## रेखाराम कारवाल बने अध्यक्ष



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** राजकीय महाविद्यालय परबतसर के छात्र संघ-2022 के चुनाव परिणाम में पूरा निर्दलीय पैनल विजयी रहा। आरएलपी समर्थित रेखाराम कारवाल अध्यक्ष पद पर निर्दलीय ने बाजी मारी। मुरारीलाल गुर्जर उपाध्यक्ष, देवेन्द्र नायक महासचिव, चेतन वर्मा संयुक्त सचिव पद पर विजयी रहे। छात्र संघ चुनाव नतीजों के दौरान उपखंड अधिकारी शिवपाल जाट, परबतसर थानाधिकारी सुभाष चन्द्र पुनिया, पिलवा थानाधिकारी सूरजमल सहित दोनो थानों का जाब्ता सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर तैनात रहा। जीत के बाद शहर में विजयी जुलूस निकाला गया।

# खींवसर में निर्दलीय भारी, 19 वोटों से जीत दर्ज कर हुड्डा ने अध्यक्ष



हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर उपखंड मुख्यालय पर राजकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव को लेकर मतगणना के बाद परिणाम जारी कर दिए गए। अध्यक्ष पद के लिएओम प्रकाश हुड्डा ने जीत दर्ज की। हुड्डा ने 19 वोटों से जीत दर्ज की। हुड्डा को 208 वोट मिलें व दूसरे नंबर पर महेंद्र को 187 वोट प्राप्त हुए। 28 वोट खारिज कर दिए गए। उपाध्यक्ष पद पर कमल किशोर 14 वोटो से जीते दर्ज की।महासचिव पद पर आरती 16 वोटो से जीत व संयुक्त सचिव पद पर कविता गौड़ 13 वोटो से जीत दर्ज की। महाविद्यालय परिसर में विजेता उम्मीदवारों को शपथ दिलाई गई।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपखंड अधिकारी हनुमान राम चौधरी, मूंडवा डिप्टी विजय कुमार सांखला, महाविद्यालय के प्राचार्य महेंद्र लोम रोड़, नायब तहसीलदार पदमाराम भाकल, खींवसर थानाधिकारी अशोक बिसू, भावंडा थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत सहित मौजूद रहे।

# महेन्द्र चौधरी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर दर्जनों भाजपाइयों ने ज्वाइन की कांग्रेस पार्टी



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शुक्रवार को पांचवा ग्राम पंचायत की कुमावतों की ढाणी, शिवनगर के कुमावत समाज के लोग नावां विधानसभा विधायक महेन्द्र चौधरी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। इनके द्वारा बताया गया कि वर्षों से उपेक्षित शिवनगर से इण्डाली तक 02 किमी सड़क का निर्माण महेन्द्र चौधरी के प्रयासों से ही सम्भव हो पाया। सुखाराम कुमावत, सुवाराम कुमावत, घासीराम कुमावत, श्रवण कुमावत, मुकेश कुमावत, नीराम कुमावत, गिरधारी कुमावत ने बताया कि इनके द्वारा भारतीय जनता पार्टी छोड़ी जाकर आज कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए है। महेन्द्र चौधरी द्वारा माल्यार्पण एवं साफा बन्धन कर इनको पार्टी ज्वाईन करवाई गई एवं कांग्रेस में इनका स्वागत किया गया, जिसका कुमावतों की ढाणी शिवनगर के कुमावत समाज से उपस्थित लोगो ने आभार व्यक्त किया।

# जायल महाविद्यालय में एबीवीपी ने फिर लहराया परचम



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** राजकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी के सुरेन्द्र सोहु 70 मतों से जीतकर छात्रसंघ अध्यक्ष बने। सोहु ने निर्दलीय उम्मीदवार रामप्रसाद मेघवाल को हराया। चुनाव में महाविद्यालय में एबीवीपी का पूरा पेनल विजयी हुआ, जिसमें उपाध्यक्ष पद के लिये संगीता मेघवाल, महासचिव पद पर राकेश मातवा, संयुक्त सचिव पद पर चेतन बासट ने विजय हासिल की। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी रमेश कुलहरी ने विजयी पेनल को शपथग्रहण करवाया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार, सीओ रामेश्वरलाल, सीआई सुरेन्द्र कुमार, प्राचार्य विजय अरोड़ा, दिलीप गोयल आदि मौजूद रहे। छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी कार्यकारिणी एवं मेहन्द्र लोमरोड़ सहित कार्यकर्ताओं ने आभार जताया।

# बूडसू रोड पर घटिया सड़क निर्माण का आरोप

## नारेबाजी कर पुतला फूंका, उग्र आन्दोलन की चेतावनी

सद्दाम रंगरेज




**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के बूडसू रोड के वाशिन्दों ने शनिवार को सड़क निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग का आरोप लगाते हुए सड़क पर प्रदर्शन कर पुतला फूंका। वार्ड पार्षद अनिलसिंह मेड़तिया के नेतृत्व में दर्जनों लोगो ने नारेबाजी करते हुए पीडब्ल्यूडी एईएन, पीडब्ल्यूडी ठेकेदार नाम का पुतला बनाकर उसे फूंका तथा पुतले को लाठियों से पीटा। वार्डवासियों का आरोप है कि बूडसू रोड मुख्य मार्ग पर अनेकान्त कॉलोनी के बाहर लम्बे अरसे से पानी भराव की समस्या है। नई सड़क बनाई लेकिन वो बनने से पहले ही उखड़ चुकी है। ब्लॉक लगाए गए है जो नीचे धंस चुके हैं। वार्ड पार्षद खेताराम सिसोदिया ने कहा कि यदि काम की सुध नहीं ली गई तो वे उग्र आन्दोलन करेंगे तथा सड़क जाम करेंगे।

# विधायक मिर्धा मिले उपराष्ट्रपति जगदीश धनकड़ से

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति निवास पर भारत के नव निर्वाचित उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ से डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा ने मुलाकात की। आईटी सेल दीपक अग्रावत ने बताया कि विधायक ने उपराष्ट्रपति धनकड़ से मिलकर उनको बधाई दी ओर कहा कि धनकड़ को इस पद पर पहुंचना किसान कौम व राजस्थान के लिए अत्यंत गौरव की बात है। इस राजस्थान के विकास के लिए कई मुद्दों पर भी चर्चा की।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com